

अर्थपूर्ण संबंध बनाना

दूसरों की मदद करने की हमारी क्षमता बढ़ती है जब हम उनके साथ अर्थपूर्ण संबंध रखते हैं |

दूसरों के लिए सेवा करने का निमंत्रण उनके ध्यान रखने का संबंध बनाने का अवसर है - ऐसे संबंध जो उन्हें आसानी से पूछने या स्वीकार करने में मदद करेंगे | जब हम उस तरह के संबंध को विक्सित करने का प्रयास करते हैं, परमेश्वर उस संबंध के दोनों तरफ के जीवनों को बदलने में प्रयाप्त है।

शेरोन युबैंक ने कहा, जो सहायता संस्था के जनरल अध्यक्षता की प्रथम सलाहकार हैं, "मुझे सच में विश्वास है कि महत्वपूर्ण संबंध के बिना कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं होता है,"| और सेवा के हमारे कार्यों के लिए दूसरों के जीवन में परिवर्तनकारी होना चाहिए, उन्होने कहा, उन्हें "ठीक करने और सुन्ने और सहयोग करने और सम्मान करने की ईमानदारी से इच्छा निहित होनी चाहिए।" [1]

अर्थपूर्ण संबंध रणनीति नहीं हैं| वे करुणा पर बने होना चाहियें, ईमानदार प्रयास, और “सच्चा प्यार “ (सिद्धान्त और अनुबंध 121:41)| [2]

संबंध बनाने और मजबूत करने के माध्यम

बारह प्रेरितों के परिषद के एल्डर डीटर एफ. उख्डोर्फ़ ने कहा, "हम [संबंधों] को एक-एक व्यक्ति करके बनाते हैं।" [3] जैसा कि हम उन लोगों के साथ अर्थपूर्ण संबंध बनाने का प्रयास करते हैं, जिनकी हम सेवा करते हैं, पवित्र आत्मा हमारा इसमें मार्गदर्शन कर सकता है| निम्नलिखित सुझाव एल्डर उख्डोर्फ़ द्वारा दिए गए उदाहरण पर आधारित हैं। [4]

- **उनके बारे में सीखें**|

  अध्यक्ष एज़रा टेफ्त बेंसन (1899–1994) ने सिखाया, “आप उन लोगों की अच्छी सेवा नहीं कर सकते जिन्हें आप अच्छी तरह से नहीं जानते हैं|” उन्होंने प्रत्येक परिवार के सदस्य के नाम जानने और महत्वपूर्ण घटनाओं से अवगत होने का सुझाव दिया जैसे जन्मदिन, आशीर्वादों का, बपतिस्मे का और शादी| यह किसी विशेष उपलब्धि पर एक परिवार के सदस्य को बधाई देने के लिए एक नोट लिखने या कॉल करने का अवसर प्रदान करता है। [5]

- **साथ में समय बितायें**|

  एक संबंध को मजबूत बन्ने में समय लगता है| संपर्क बनाए रखने के अवसर खोजें| अध्ययनों से पता चलता है कि लोगों को बताना कि आप उनका ख्याल करते हैं स्वस्थ संबंधों के लिए आवश्यक होता है। [6] उन लोगों के साथ अक्सर जाकर मिलें जिन्हें आप सेवा के लिए बुलाए गए हैं| चर्च में उनके साथ बात कीजिये| जो भी अतिरिक्त संचार साधन हैं उसका प्रयोग करें - जैसे ईमेल, फेसबुक, इन्स्टाग्राम, ट्विटर, स्काइप, फ़ोन पर बात करें, या फिर कार्ड भेजें| बारह प्रेरितों के परिषद के एल्डर रिचर्ड जी. स्कॉट (1928-2015) ने प्यार और समर्थन के सरल और रचनात्मक अभिव्यक्तियों की शक्ति के बारे में बताया : “अक्सर मैं अपने धर्मशास्त्र को खोलता था, … और मुझे एक स्नेहमय, सहयोग देनेवाला लिखा हुआ कागज मिलता [मेरी पत्नी] जीनिन पृष्ठों में रख दिया करती थी| … वे बहुमूल्य लेखन … सांत्वना और प्रेरणा का एक अमूल्य खजाना बना रहा। " [7]

साथ ही, याद रखें कि एक संबंध में दो का साथ होता है| आप प्यार और दोस्ती दे सकते हैं, लेकिन संबंध तब तक नहीं बढ़ेगा जब तक कि वो स्वीकार नहीं किया जाए और दिया न जाए| यदि दूसरा व्यक्ति अपरिवर्तनीय प्रतीत होता है, तो रिश्ते को मजबूर न करें। उन्हे अपने ईमानदार प्रयासों को देखने के लिए समय दें, और यदि आवश्यक हो, तो अपने मार्गदर्शकों के साथ सलाह करें कि अर्थपूर्ण संबंध की अभी भी संभावना है या नहीं।

- **प्यार से बात करें।**

  अर्थपूर्ण संबंध बनाने के लिए हमें उथल से आगे जाना होगा| उथल वार्तालाप कार्यक्रम, मौसम और अन्य मामूली मुद्दों के बारे में छोटी बातों से भरा होता है, लेकिन इसमें अर्थपूर्ण संबंध बनाने के लिए आवश्यक भावनाओं, विश्वासों, लक्ष्यों और चिंताओं को साझा करना शामिल नहीं है। स्वर्गीय पिता ने अपने पुत्र के साथ अपनी भावनाओं और योजनाओं को साझा करके इस अर्थपूर्ण प्रकार के संचार की रचना की है (देखें योहन 5:20) और हमारे साथ उनके भविष्यवक्ताओं दुवारा (देखो अमोस 3:7). पवित्र आत्मा द्वारा निर्देशित एक दूसरे के साथ दिन-प्रतिदिन की घटनाओं और जीवन की चुनौतियों को साझा करके, हम एक-दूसरे के लिए प्रशंसा प्राप्त करते हैं क्योंकि हमें आम हितों और साझा अनुभव मिलता है।

  सुनना यह दर्शाने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है कि आप खयाल करतें है।[8] जब आप ध्यान से सुनते हैं, तो दूसरों को मसीह के पास आने में आपकी सहायता करने का अवसर बढ़ता है क्योंकि आप उनकी जरूरतों को समझने और अंतर्दृष्टि प्राप्त करते हैं और जैसे ही वे प्यार, समझ और सुरक्षित महसूस करते हैं|

- **समानताओं के साथ-साथ अलग सोच की भी सराहना करें।**

  "कुछ ... मानते हैं कि गिरजा प्रत्येक सदस्य को एक ही रूप से बनाना चाहता है- कि प्रत्येक व्यक्ति को एक-दूसरे की तरह दिखना, महसूस करना, सोचना और व्यवहार करना चाहिए," एल्डर ऊकड़ोरफ ने कहा। ""यह परमेश्वर के प्रतिभा का खंडन होगा, जिसने हर आदमी को अपने भाई से अलग बनाया है| ...

  "जब हम इस विविधता का लाभ उठाते हैं और हमारे साथी शिष्यों को उठाने और मजबूत करने के लिए एक दूसरे को विकसित करने और अपनी प्रतिभा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं तो गिरजा बढ़ता है।"[9] दूसरों से प्यार करने के लिए जिस तरह से परमेश्वर हमसे प्यार करता है, उसी प्रकार हम दूसरों को उस नज़र से देखने की कोशिश करें जिस तरह से परमेश्वर उन्हें देखता हैं | अध्यक्ष थॉमस एस. मॉन्सन (1927-2018) ने सिखाया, "हमें [दूसरों] को देखने की क्षमता विकसित करनी चाहिए क्योंकि वे वर्तमान में हैं लेकिन जैसे वे भविष्य में हो सकते हैं।"[10] हम दूसरों को परमेश्वर के द्रष्टि से देखने में मदद के लिए प्रार्थना कर सकते हैं। जैसे-जैसे हम दूसरों के विकास के लिए अपनी क्षमता के आधार पर व्यवहार करते हैं, वे इस अवसर पर बढ़ने की संभावना रखते हैं।[11]

- **उनकी सेवा करें|**

  उन लोगों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील रहें जिनकी आप सेवा करते हैं और अपना समय और प्रतिभा देने में इच्छुक रहें, चाहे आवश्यकता के समय या सिर्फ इसलिए कि आप उनका खयाल करते हैं। आपातकालीन, बीमारी या तत्काल स्थिति होने पर सांत्वना, सहायता और आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए आप वहाँ रह सकते हैं। लेकिन बहुत से संबंधों में हम प्रतिक्रियाशील होते हैं| परमेश्वर ने हमें स्वतंत्रता दी ताकि हम पर कार्य होने के बल्कि हम कार्य कर सकें (देखो 2 नेफी 2:14). जैसा कि प्रेरित योहन ने सिखाया था कि हम परमेश्वर से प्यार करते हैं क्योंकि उन्होंने हमें पहले प्यार किया था (देखो 1 योहान्ना 4:19), जब दूसरों की सेवा करने के माध्यम से हमारा सच्चा प्यार महसूस होता है, तो यह दिल को विनम्र कर सकता है और प्यार और विश्वास को बढ़ा सकता है।[12] यह दयालु कर्मों को बढ़ाता चलता है जो संबंधों को दृढ़ बना सकता है।

उद्धारकर्ता की तरह सेवा करना

यीशु मसीह ने अपने शिष्यों के साथ अर्थपूर्ण संबंध बनाए (देखो योहान्ना 11:5). वह उन्हें जनता था (देखो योहान्ना 1: 47-48). उन्होंने उनके साथ समय बिताया (देखें लुका 24:13-31 उनका संचार सतही से परे चला गया (देखो योहान 15:15). उन्होंने उनकी भिन्ताओं की सराहना की (देखो मत्ती 9:10) और उनकी क्षमता को पहचाना (देखो योहान्ना 17:23). उन्होंने सभी की सेवा की, हालांकि वह सभी के प्रभु थे, यह कहते हुए कि वह सेवा करने के लिए आयें हैं नाकि स्वयं की सेवा करवाने के लिए (देखो मार्क 10:42–45).

उन लोगों के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए आप क्या करेंगे जिन्हें आपको सेवा करने के लिए बुलाया गया है?

नोट्स

1. Sharon Eubank, in “Humanitarian Acts Must Be Rooted in Relationship, Sharon Eubank Says,” mormonnewsroom.org.

2. देखें " के सिद्धांत: करुणा में पहुंचें" लिअहोना जुलाई 2018, 6–9.

3. डिटर ऍफ़. उक्दोर्फ़ , “चीजों में से अधिकांश चीजें,” लिअहोना नोव्हेंबर 2010, 22

4. देखो डिटर ऍफ़. उक्दोर्फ़ , “चीजों में से अधिकांश चीजें,”

5. देखो एज्रा टाफ्ट बेन्सन, “To the Home Teachers of the Church,” Ensign, मई 1987, 50.

6. See Charles A. Wilkinson and Lauren H. Grill, “Expressing Affection: A Vocabulary of Loving Messages,” in Making Connections: Readings in Relational Communication, ed. Kathleen M. Galvin, 5th ed. (2011), 164–73.

7. रिचर्ड जी स्कॉट , “विवाह की अनन्त आशीर्षे” लिअहोना मई 2011, 96.

8. देखो “सेवा प्रधान करने के सिद्धांत: पांच बातें अच्छे श्रोताओं करते हैं लिअहोना जून 2018, 6–9.

9. डिटर ऍफ़ उकडोर्फ, “चार ख़िताब,” लिअहोना मई 2013, 59.

10. थॉमस एस . मोंसोन, “दूसरों को ऐसे देखे जैसे वे कुछ बन सकते हैं,” लिअहोना नोव्हेंबर, 2012, 69.

11. See Terence R. Mitchell and Denise Daniels, “Motivation,” in Handbook of Psychology, vol. 12, ed. Walter C. Borman and others (2003), 229.

12. See Edward J. Lawler, Rebecca Ford, and Michael D. Large, “Unilateral Initiatives as a Conflict Resolution Strategy,” Social Psychology Quarterly, vol. 62, no. 3 (Sept. 1999), 240–56.

© 2018 by Intellectual Reserve, Inc. All rights reserved. Printed in USA. English approval: 6/17. Translation approval: 6/17. Translation of *Ministering Principles, August 2018.* Hindi. 15051 294